## न्यूज इन ब्रीफ

### युवा अकाली नेता ने आत्महत्या की

**कपूरथला (पंजाब):** 'स्टूडेंट ऑर्गनाइजेशन ऑफ इंडिया रूरल' के अध्यक्ष अमरजोत सिंह ने बुधवार को यहां राजापुर गांव में अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर से खुद को गोली मारकर कथित रूप से आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। शिरोमणि अकाली दल से संबद्ध इस संगठन के नेता सिंह (30) ने एक कार के अंदर खुद को गोली मार ली। पुलिस उपाधीक्षक सुरिंदर सिंह ने बताया कि शुरुआती जांच में आत्महत्या का कारण पारिवारिक कलह बताया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए राजकीय अस्पताल भेजा गया है।


### पुणे जिले में बैंक में लूट के दौरान प्रबंधक की गोली लगने से मौत

**पुणे:** महाराष्ट्र के पुणे जिले की जुन्नार तहसील में बुधवार को एक सहकारी बैंक में लूट के दौरान हुई गोलीबारी में प्रबंधक की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। मृतक की पहचान राजेंद्र भोर (लगभग 50 वर्ष) के रूप में हुई है। नारायणगांव थाने के एक अधिकारी ने बताया कि घटना दोपहर में करीब एक बजकर 50 मिनट पर तंडाली गांव में अनंत बिगर शेती सहकारी पतसंस्था में हुई। उन्होंने कहा, हेल्मेट पहने दो व्यक्ति बैंक में घुसे और गोलीबारी करने के बाद कुछ नकदी लेकर फरार हो गए। इस दौरान भोर को गोलियां लग गईं और उन्हें एक अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। जिला पुलिस अधीक्षक अभिनव देशमुख ने कहा कि अनुमान है कि लुटेरों ने बैंक से दो लाख रुपये लूट लिये। मामले की जांच जारी है।

### पुडुचेरी में अन्नाद्रमुक के पूर्व विधायक का दिल का दौरा पड़ने से निधन

**पुडुचेरी:** वरिष्ठ अधिवक्ता और अन्नाद्रमुक के पूर्व विधायक के. परशुरामन (75) का बुधवार को हृदयाघात से निधन हो गया जब वह पांडिचेरी बार एसोसिएशन के नए पदाधिकारियों को सम्मानित करने के लिए यहां आयोजित एक कार्यक्रम में भाग ले रहे थे। एसोसिएशन के सूत्रों ने बताया कि परशुरामन को अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने बताया कि दिल का दौरा पड़ने उनकी मौत हो गई। उनके परिवार में उनकी पत्नी, एक बेटा और एक बेटी है। परशुरामन यहां अन्नाद्रमुक (पूर्वी इकाई) के अध्यक्ष थे। वर्ष 1991 में वह ओरलीनपेट निर्वाचन क्षेत्र से विधायक चुने गए थे।

# मालेगांव विस्फोट मामला : भाजपा सांसद प्रज्ञा ठाकुर मुंबई की अदालत में पेश हुई



**मुंबई:** महाराष्ट्र में 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में आरोपी एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की भोपाल से सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर बुधवार को यहां एक विशेष एनआईए अदालत में पेश हुईं। ठाकुर, पिछली बार जनवरी 2021 में अदालत आई थीं। वह जमानत पर जेल से बाहर हैं। दिन में, उनके वकीलों ने राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के मामलों के लिए विशेष न्यायाधीश पी. आर. सित्रे से कहा कि चूंकि ठाकुर इलाज के सिलसिले में मुंबई में हैं, इसलिए वह अदालत में उपस्थित होंगी। उन्हें अदालत ने समन जारी नहीं किया था। भोपाल से सांसद, ठाकुर दोपहर 12 बजकर 25 मिनट पर पहुंचीं और अदालत कक्ष में अगली पंक्ति में एक वकील की कुर्सी पर बैठीं। उनके बैठने से पहले उनके सहायकों ने कुर्सी पर मलमल का एक कपड़ा बिछाया। न्यायाधीश ने ठाकुर से उनके स्वास्थ्य के बारे में पूछा, जिस पर उन्होंने कहा, 'कभी ठीक रहता है, कभी नहीं।' सांसद ने न्यायाधीश को बताया कि वह शहर के कोकिलाबेन अस्पताल में इलाज करा रही हैं और चूंकि इलाज से उनके स्वास्थ्य में सुधार हुआ है इसलिए वह आगे के इलाज के लिए आई हैं। उनकी बीमारी के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि उन्हें कई बीमारियां हैं। उन्होंने कहा कि वह अगले दो दिन मुंबई में रूकेंगी और यदि जरूरत पड़ी तो अस्पताल में भर्ती होंगी। न्यायाधीश सित्रे ने उनसे सुनवाई के घटनाक्रम से अद्यतन रहने को कहा। हाल के महीनों में सामने आये कुछ वीडियो में देखा जा सकता है कि भोपाल से सांसद ठाकुर नवरात्रि उत्सव के दौरान गरबा नृत्य में हिस्सा ले रही हैं और कबड्डी खेलने की भी कोशिश कर रही हैं, जबकि उन्हें मेडिकल आधार पर जमानत मिली है। इन वीडियो के सामने आने पर विवाद छिड़ गया था। अब से पहले की पेशी के दौरान, ठाकुर ने अदालत कक्ष में गंदगी और सुविधाओं की कमी की शिकायत की थी। हालांकि, बुधवार को उन्होंने कहा, 'मौजूदा व्यवस्था अच्छी है।' न्यायाधीश ने कहा कि कोविड महामारी को लेकर कुछ पाबंदियां थीं और अब बेहतर तरीके से साफ-सफाई की जा रही है। इसके बाद, अदालत ने उनसे कभी भी जरूरत पड़ने पर उपस्थित रहने को कहा, जिस पर ठाकुर ने सहमति जताई। मामले में ठाकुर और थल सेना के अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित समेत सात लोग मुकदमे का सामना कर रहे हैं। मामले में 200 से अधिक गवाह अदालत में पेश किये गये, जिनमें से आठ गवाह अपने बयान से पलट गये। बुधवार को किसी भी गवाह से पूछताछ नहीं की गई। सुनवाई की अगली तारीख एक दिसंबर है। उत्तरी महाराष्ट्र के मालेगांव शहर में 29 सितंबर 2008 को मस्जिद के पास एक मोटरसाइकिल में बंधे विस्फोटक में विस्फोट हो जाने से छह लोगों की मौत हो गई थी और 100 से अधिक घायल हो गये थे।

### बीएसएफ ने अंतरराष्ट्रीय सीमा के उल्लंघन को लेकर पाकिस्तान के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया

**जम्मू:** बीएसएफ ने सीमा पर ड्रोन भेजकर अंतरराष्ट्रीय सीमा का उल्लंघन करने को लेकर पाकिस्तान के समक्ष बुधवार को कड़ा विरोध दर्ज कराया और उससे ऐसी गतिविधियों से परहेज करने को कहा। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक प्रवक्ता ने बताया कि बीएसएफ के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कमांडेंट अजय सूर्यवंशी ने किया और पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व 13 विंग चिनाब रेंजर्स के विंग कमांडर लेफ्टिनेंट कर्नल अकील ने किया। प्रवक्ता ने बताया कि यहां ऑक्ट्रोई सीमा चौकी में पाकिस्तानी रेंजर्स के साथ कमांडेंट स्तर की बैठक के दौरान विरोध दर्ज कराया गया। प्रवक्ता ने कहा, बैठक के दौरान, दोनों सीमा सुरक्षा बलों के कमांडरों ने सीमा स्तंभों के रखरखाव और सीमा पर नवीनतम बुनियादी ढांचा गतिविधियों, पाकिस्तान के ड्रोन संचालन और अन्य गतिविधियों सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

## मद्रास उच्च न्यायालय ने जयललिता का आवास स्मारक में तब्दील करने का आदेश रद्द किया

**चेन्नई:** मद्रास उच्च न्यायालय ने तमिलनाडु की दिवंगत मुख्यमंत्री जे जयललिता के आवास 'वेद नीलयम' को स्मारक बनाने संबंधी पूर्ववर्ती अन्नाद्रमुक सरकार का आदेश बुधवार को रद्द कर दिया। जयललिता का यह आवास चेन्नई के पोएस गार्डन इलाके में स्थित है। न्यायमूर्ति एन सीशासायी ने इस संपत्ति को स्मारक बनाने के लिए 22 जुलाई 2020 को जारी आदेश रद्द करते हुए अधिकारियों को इस संपत्ति की चाबी याचिकाकर्ता को देने का निर्देश दिया। साथ ही उच्च न्यायालय ने आयकर विभाग को भी कर देनदारी याचिकाकर्ताओं से वसूलने की अनुमति दे दी, जो करोड़ों रुपये में है। अदालत ने इस आदेश के खिलाफ जयललिता की भतीजी जे दीपा जयकुमार और उनके भाई जे दीपक की याचिका स्वीकार करते हुए यह व्यवस्था दी। रिट याचिका स्वीकार कर ली। खबरों के अनुसार इस मकान को जयललिता की मां ने 1960 के दशक में खरीदा था और करीब तीन दशक जयललिता इस आवास में रही थी।

## दक्षिणी मुंबई में नकली नोट छापने के आरोप में व्यक्ति गिरफ्तार

**मुंबई:** दक्षिणी मुंबई के पाइधोनी में अपने घर में कथित तौर पर नकली नोट छापने के मामले में 47 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर अपराध शाखा की खुफिया इकाई ने मंगलवार शाम पाइधोनी के करीम मंजिल में आरोपी शब्बीर कुरैशी के फ्लैट पर छापा मारा। उन्होंने बताया कि पुलिस ने 2,000 रुपये के 53 नकली नोट बरामद किए, जिन पर सिर्फ एक सीरियल नंबर छपा था। उन्होंने बताया कि अपराध शाखा टीम ने नकली नोट के अलावा एक कंप्यूटर, मॉनिटर, प्रिंटर, इंक और प्रिंटिंग पेपर भी बरामद किये हैं। पूछताछ के दौरान आरोपी ने खुलासा किया स्वापक रोधी प्रकोष्ठ (एएनसी) ने मादक पदार्थ तस्करी से संबंधित एक मामले में उसका नाम दर्ज किया है। वहीं, वह राजस्थान के अजमेर में नकली डिमांड ड्राफ्ट के एक मामले में भी संलिप्त है।

## छत्तीसगढ़ निकाय चुनाव : नगरीय निकायों के लिए 20 दिसंबर को होगा मतदान



**रायपुर:** छत्तीसगढ़ राज्य चुनाव आयोग ने बुधवार को राज्य के दस जिलों के चार नगर निगमों सहित 15 नगरीय निकायों में चुनाव की घोषणा कर दी है। नगरीय निकायों में 20 दिसंबर को मतदान होगा। इस दौरान राज्य के 16 नगरीय निकायों के 17 वार्डों के लिए उपचुनाव कराया जाएगा। राज्य निर्वाचन आयुक्त ठाकुर राम सिंह ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में नगरीय निकायों में चुनाव की घोषणा की। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही चुनाव वाले क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। उन्होंने बताया कि राज्य के चार नगर निगमों, पांच नगर परिषदों और छह नगर पंचायतों सहित 15 नगरीय निकायों में आम चुनाव और 16 नगरीय निकायों के 17 वार्डों में उपचुनाव के लिए 20 दिसंबर को मतदान होगा। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि राज्य के रायपुर जिले के अंतर्गत बिरगांव नगरपालिक निगम के लिए, दुर्ग जिले के अंतर्गत भिलाई नगरपालिक निगम, रिसाली नगरपालिक निगम, भिलाई-चारौदा नगर पालिका निगम और जामुल नगरपालिका परिषद के लिए, राजनांदगांव जिले के अंतर्गत खैरागढ़ नगरपालिका परिषद के लिए, बेमेतरा जिले के अंतर्गत नगर पंचायत मारो के लिए, कोरिया जिले के अंतर्गत नगरपालिका परिषद बैकुंठपुर और नगरपालिका परिषद शिवपुर चरचा के लिए, सूरजपुर जिले के अंतर्गत नगर पंचायत प्रेमनगर के लिए, सुकमा जिले के अंतर्गत नगर पंचायत कोंटा के लिए, रायगढ़ जिले के अंतर्गत नगरपालिका परिषद सारंगढ के लिए, बीजापुर जिले के अंतर्गत नगर पंचायत भैरमगढ़ के लिए और नगर पंचायत भोपालपट्नम के लिए तथा कांकेर जिले के अंतर्गत नगर पंचायत नरहरपुर के लिए आम चुनाव होगा।

# अगर उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों में चुनाव नहीं होते तो केंद्र कृषि कानून वापस नहीं लेता : पवार



**पुणे:** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) अध्यक्ष शरद पवार ने बुधवार को दावा किया कि भाजपा नीत केंद्र सरकार तीन विवादित कृषि कानूनों को वापस नहीं लेती, अगर उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों में विधानसभा चुनाव नहीं होने होते। सतारा जिले के महाबलेश्वर में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए उन्होंने एक बार जोर देकर कहा कि महाराष्ट्र में शिवसेना नीत महा विकास अघाडी (एमवीए) सरकार अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा करेगी और भरोसा जताया कि अगर राज्य में आज चुनाव हो तो तीन दलों का गठबंधन फिर से सत्ता में वापसी करेगा। पवार राकांपा की युवा इकाई के सम्मेलन में शामिल होने से पहले संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। गौरतलब है कि गत शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीनों कृषि कानूनों को वापस लेने की घोषणा की थी जिसके खिलाफ किसान करीब एक साल से दिल्ली की सीमा पर धरना दे रहे हैं। एक सवाल के जवाब में पवार ने कहा, 'उत्तर प्रदेश और पड़ोसी राज्यों में चुनाव होने वाले हैं। हमारी सूचना के मुताबिक सत्ता से जुड़े लोग जब इन राज्यों के कुछ गांवों में गए तो स्थानीय लोगों द्वारा उनके साथ अलग व्यवहार किया गया। इसपर विचार करने के बाद संभवत: उन्होंने आकलन किया कि किस तरह का व्यवहार होगा जब वे गांवों में मतदान के लिए जाएंगे। ऐसा लगता है कि इस पृष्ठभूमि के आधार पर यह व्यावहारिक फैसला लिया गया।' उन्होंने कहा, 'अगर इन राज्यों में हाल फिलहाल चुनाव नहीं होते तो यह फैसला नहीं लिया जाता।' जब पूछा गया कि भाजपा के महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष चंद्रकांत पाटिल ने टिप्पणी की है कि नए साल पर राज्य में सरकार बदल जाएगी, तब पवार ने कहा कि एमवीए की दो साल पहले सरकार बनी थी तब भी कहा गया था कि 15 दिनों में यह सरकार गिर जाएगी। उन्होंने कहा, 'इसके बाद सुना गया गया कि एक महीने में, दो महीने में, तीन महीने और इसी तरह सरकार गिर जाएगी। पाटिल के पास समय है और वह ज्योतिष शास्त्र में हाथ आजमा रहे हैं और उसके आधार पर ऐसे आकलन कर रहे हैं।

## एसीबी ने 15 सरकारी अधिकारियों के परिसरों में छापेमारी की कार्रवाई की


**बेंगलुरु:** कर्नाटक के भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो (एसीबी) ने ज्ञात स्रोत से अधिक आय के मामले में बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए सरकारी अधिकारियों के राज्य में करीब 60 ठिकानों पर छापेमारी की। एसीबी के करीब 400 अधिकारियों ने विभिन्न विभागों के 15 अधिकारियों के बेंगलुरु, मंगलुरु, मांडया और बेल्लारी स्थित ठिकानों की तलाशी ली। एसीबी ने यहां जारी बयान में कहा, आज आठ अधीक्षकों, 100 अधिकारियों और 300 कर्मचारियों की टीम ने 15 अधिकारियों के खिलाफ ज्ञात स्रोत से अधिक आय के मामले में 60 ठिकानों की तलाशी ली। उन्होंने बताया कि गडग कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक टीएस रुद्रेशाप्पा के आवास से सात किलोग्राम सोना और 15 लाख रुपये की नकदी मिली है।

## पुरी में 331 करोड़ रूपये की विरासत गलियारा परियोजना की आधारशिला रखी गई

**पुरी:** ओडिशा के पुरी में 'गजपति महाराज' दिव्यसिंह देब ने मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की उपस्थिति में बुधवार को 331 करोड़ रूपये की विरासत गलियारा परियोजना की आधारशिला रखी। 'श्रीमंदिर परिक्रमा' परियोजना की आधारशिला भगवान जगन्नाथ मंदिर की चार दीवारी के निकट चल रहे तीन दिवसीय महायज्ञ के समापन के अवसर पर रखी गई। इस दौरान पूरा क्षेत्र पुजारियों द्वारा श्लोकों के पाठ से गुंजायमान हो रहा था। 'गजपति महाराज' भगवान जगन्नाथ के प्रथम सेवक माने जाते हैं। उन्होंने महायज्ञ की रस्में निभाईं। इस अवसर पर पटनायक ने कहा, 'जय जगन्नाथ, आज पूरी दुनिया में जगन्नाथ के सभी अनुयायियों के लिए ऐतिहासिक दिन है। यह ओडिशा के लोगों के लिए भी पवित्र दिन है।' इस परियोजना के लिए मंदिर के निकट की अपनी पैतृक भूमि दान देने वाले दस लोगों को मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में ओडिशा विधानसभा के अध्यक्ष एस एन पात्रो, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष निरंजन पटनायक, पुरी से सांसद पिनाकी मिश्रा और राज्य के कई मंत्री उपस्थित थे। अधिकारियों ने बताया कि इस महत्वाकांक्षी विरासत गलियारा परियोजना का उद्देश्य श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त सुरक्षा प्रावधान करना एवं सुविधाएं देना है।

# मप्र के महू स्थित आम्बेडकर जन्म स्मारक को राष्ट्रीय धरोहर घोषित करेंगे प्रधानमंत्री, राज्य सरकार तैयारी में जुटी

**इंदौर:** संविधान निर्माता डॉ. भीम राव आम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस (पुण्यतिथि) पर छह दिसंबर को मध्यप्रदेश के महू स्थित उनके जन्म स्मारक को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रीय धरोहर घोषित किया जाएगा और इसके मद्देनजर राज्य सरकार इस स्मारक के विकास का नया खाका बनाने में जुट गई है। राज्य सरकार के जनसंपर्क विभाग की ओर से बुधवार को जारी विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई। विज्ञप्ति में बताया गया कि आम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर उनके महू स्थित जन्म स्मारक और उनके जीवन से जुड़े चार अन्य अहम स्थानों को प्रधानमंत्री द्वारा वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से राष्ट्रीय धरोहर घोषित किया जाएगा। विज्ञप्ति में बताया गया कि इंदौर के जिलाधिकारी मनीष सिंह ने इस कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के लिए महू के आम्बेडकर जन्म स्मारक का दौरा किया और अफसरों को जरूरी निर्देश दिए। विज्ञप्ति



के मुताबिक जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय धरोहर के रूप में इस स्मारक का रख-रखाव करने के लिए राज्य सरकार के अनुसूचित जाति विकास विभाग के आयुक्त से आवश्यक बजट मंजूर करने का अनुरोध भी किया है। विज्ञप्ति में बताया गया कि लाखों लोगों की आस्था के इस केंद्र के विकास की नयी योजना में भवन में सुधार और रख-रखाव के नियमित कामों के अलावा, आम्बेडकर के अस्थि कलश स्मारक की स्थापना, उनके द्वारा संसद में दिए गए भाषणों को एक दीर्घा में प्रस्तुत किया जाना, विशाल तिरंगा झंडा लगाना आदि शामिल है। गौरतलब है कि आम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर केंद्र सरकार 'आजादी का अमृत महोत्सव' अभियान के तहत 'पंचतीर्थ' कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इस कार्यक्रम के तहत छह दिसंबर को विभिन्न सोशल मीडिया मंचों के जरिये लोगों को पंचतीर्थ (महू समेत आम्बेडकर के जीवन से जुड़े पांच प्रमुख स्थान) के दर्शन भी कराए जाएंगे। दलितों के मसीहा के रूप में मशहूर आम्बेडकर ने ब्रितानी राज के सैन्य अफसर रामजी मालोजी सकपाल और भीमाबाई की संतान के रूप में 14 अप्रैल 1891 को महू के काली पलटन इलाके में जन्म लिया था।



### प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 3.61 लाख घरों के निर्माण को मंजूरी

**नयी दिल्ली:** केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत 17 राज्यों और संघ शासित प्रदेशों में 3.61 लाख घरों के निर्माण को मंजूरी दे दी है। इस मंजूरी के साथ योजना के तहत स्वीकृत घरों की कुल संख्या 1.14 करोड़ हो गई है। एक बयान में बुधवार को यह जानकारी दी गई। केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई केंद्रीय मंजूरी एवं निगरानी समिति (सीएसएमसी) की बैठक में यह मंजूरी दी गई। बयान के अनुसार, केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय ने कहा कि 1.14 करोड़ स्वीकृत घरों में से 89 लाख से अधिक का निर्माण किया जा रहा है और 52.5 लाख मकान लाभार्थियों को वितरित किए गए हैं।

### आयकर विभाग ने 1.11 करोड़ करदाताओं को 1.23 लाख करोड़ रुपये का रिफंड किया

**नयी दिल्ली:** आयकर विभाग ने चालू वित्त वर्ष में अभी तक रिफंड के तौर पर 1.23 लाख करोड़ रुपये करदाताओं को लौटाए हैं। आयकर विभाग ने बुधवार को बताया कि इस राशि में कर निर्धारण वर्ष 2021-22 के तहत 75.75 लाख करदाताओं को किया गया रिफंड भी शामिल है। उन्हें 15,998.31 करोड़ रुपये रिफंड किए गए हैं। विभाग ने अपने एक ट्वीट में कहा कि केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने एक अप्रैल, 2021 से लेकर 22 नवंबर, 2021 तक 1,23,667 करोड़ रुपये करदाताओं को लौटाए हैं। विभाग ने कहा, 'सीबीडीटी ने इस दौरान 1.11 करोड़ से अधिक करदाताओं को रिफंड जारी किया है।' इसमें से 1.08 करोड़ व्यक्तिगत करदाताओं को 41,649 करोड़ रुपये रिफंड किए गए हैं जबकि कॉरपोरेट क्षेत्र को 82,018 करोड़ रुपये का रिफंड हुआ है।

# आगे चलकर कुछ ही क्रिप्टोकरेंसी बचेंगी: राजन



**नयी दिल्ली :** भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने बुधवार को कहा कि इस समय मौजूद 6,000 क्रिप्टोकरंसी में से 'कुछ ही' आगे बनी रहेंगी। राजन ने क्रिप्टोकरेंसी को लेकर सनक की 17 वीं शताब्दी में नीदरलैंड में ट्यूलिप फूल को लेकर दीवानगी से तुलना करते हुए कहा कि लोग दो कारणों से क्रिप्टोकरेंसी रखते हैं – एक कि यह एक संपत्ति है जिसका मूल्य बढ़ सकता है ओर मुद्रा के रूप में इसे रखा जा सकता है और दूसरा, इसका उपयोग भुगतान में किया जा सकता है। उन्होंने कहा, क्या हमें भुगतान करने के लिए वास्तव में 6,000 क्रिप्टोकरेंसी की जरूरत है? एक या दो, (क्रिप्टोकरेंसी) शायद मुट्ठी भर हो सकती हैं, जो भुगतान में इस्तेमाल के लिए आगे बनी रहें, भले ही यह तकनीक इतनी उपयोगी है कि यह नकदी और मुद्रा का विकल्प हो सकती है। राजन ने समाचार चैनल सीएनबीसी-टीवी18 से कहा, इससे पता चलता है कि आगे चलकर उच्च मूल्यों के साथ ज्यादातर क्रिप्टो के बने रहने की संभावना नहीं है। उनकी यह टिप्पणी कुछ अपवादों के साथ, सभी निजी क्रिप्टोकरेंसी पर प्रतिबंध लगाने के लिए सरकार द्वारा संसद में पेश किए जाने की खातिर एक विधेयक के सूचीबद्ध किए जाने के एक दिन बाद आयी है। गौरतलब है कि सरकार संसद के शीतकालीन सत्र में क्रिप्टोकरेंसी से संबंधित विधेयक पेश कर सकती है। इसमें निजी क्रिप्टोकरेंसी को प्रतिबंधित करने तथा रिजर्व बैंक द्वारा जारी डिजिटल मुद्रा को विनियमित करने के लिये ढांचा तैयार करने की बात कही गयी है। लोकसभा बुलेटिन के अनुसार, संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान निचले सदन में पेश किये जाने वाले विधेयकों की सूची में क्रिप्टोकरेंसी एवं आधिकारिक डिजिटल मुद्रा विनियमन विधेयक 2021 सूचीबद्ध है। इस विधेयक में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी आधिकारिक डिजिटल मुद्रा के सृजन के लिये एक सहायक ढांचा सृजित करने की बात कही गयी है। इस प्रस्तावित विधेयक में भारत में सभी तरह की निजी क्रिप्टोकरेंसी को प्रतिबंधित करने की बात कही गयी है।

## आर्थिक वृद्धि दर दूसरी तिमाही में 7.8 प्रतिशत, पूरे वित्त वर्ष में 9.4 प्रतिशत रहेगी : रिपोर्ट




**मुंबई:** चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में सालाना आधार पर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की आधिकारिक वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है। एचडीएफसी बैंक के अर्थशास्त्रियों की तैयार की गई एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। बुधवार को जारी इस रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2021-22 में वास्तविक जीडीपी 9.4 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। हालांकि, वर्ष 2022-23 में इसके घटकर 7.5 प्रतिशत रह जाने का अनुमान है। वर्ष 2020-21 में महामारी की तगड़ी मार से जीडीपी में 7.3 प्रतिशत का संकुचन देखा गया था। वर्ष 2021-22 के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने 9.5 प्रतिशत वृद्धि का पूर्वानुमान जताया है जबकि वर्ष 2022-23 में इसके सुस्त पड़कर 7.8 प्रतिशत रहने की बात कही है। दरअसल वर्ष 2020-21 में अर्थव्यवस्था की हालत ठीक नहीं थी जिससे मौजूदा वित्त वर्ष के लिए आधार कम है और इस साल उच्च वृद्धि दर रहने के पीछे इस निम्न आधार को ही बड़ा कारण बताया जा रहा है। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में निम्न आधार की वजह से जीडीपी में करीब 20 प्रतिशत का उछाल आया था। जहां तक सितंबर में समाप्त दूसरी तिमाही के आधिकारिक आंकड़ों का सवाल है तो उसके 30 नवंबर को आने की उम्मीद है। एचडीएफसी बैंक की इस रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि दूसरी तिमाही में रहने वाली 7.8 प्रतिशत की अनुमानित वृद्धि दर के पीछे भी पिछले साल का निम्न आधार ही अहम कारण रहेगा।

## अंतिम घंटे में बिकवाली से सेंसेक्स 323 अंक टूटा, इन्फोसिस, रिलायंस नुकसान में




**मुंबई:** शेयर बाजार में एक दिन की तेजी के बाद बुधवार को फिर से गिरावट रही। कारोबार के आखिरी घंटे में की गयी बिकवाली से बीएसई सेंसेक्स 323 अंक से अधिक लुढ़क गया। मुख्य रूप से इन्फोसिस, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी में नुकसान से बाजार में गिरावट आयी। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स कारोबार के दौरान ज्यादातर समय बढ़त में था। पर अंत में यह बिकवाली दबाव से 323.34 अंक यानी 0.55 प्रतिशत की गिरावट के साथ 58,340.99 अंक पर बंद हुआ। पिछले छह कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स में यह पांचवीं गिरावट है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 88.30 अंक यानी 0.5 प्रतिशत की गिरावट के साथ 17,415.05 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में मारुति, इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, आईटीसी, रिलायंस, एलएंडटी, अल्ट्राटेक सीमेंट और एचडीएफसी सर्वाधिक 2.62 प्रतिशत तक नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में आईसीआईसीआई बैंक, एनटीपीसी, कोटक बैंक, बजाज फाइनेंस, पावरग्रिड और एचसीएल टेक शामिल हैं। इनमें 1.45 प्रतिशत तक की तेजी रही। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 22 नुकसान में रहे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, वैश्विक बाजारों में मिले-जुले रुख के बीच उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में शेयर बाजार बढ़त को बरकरार नहीं रख पाया। इस बीच, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया दो पैसे की मामूली बढ़त के साथ 74.40 पर बंद हुआ।

## हवाईअड्डा क्षेत्र में पांच साल में 90,000 करोड़ रुपये का निवेश आएगा : नागर विमानन सचिव



**नयी दिल्ली:** देश के हवाईअड्डा क्षेत्र में पांच साल में 90,000 करोड़ रुपये का निवेश आने की उम्मीद है। इसमें से 68,000 करोड़ रुपये का निवेश निजी कंपनियों से मिलेगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। कोरोना वायरस महामारी से प्रभावित नागर विमानन क्षेत्र धीरे-धीरे वापसी की राह पर है और दैनिक घरेलू हवाई यातायात चार लाख के कोविड-पूर्व स्तर के करीब है। महामारी के कारण घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ान सेवाओं को भी निलंबित कर दिया गया था। नागर विमानन सचिव राजीव बंसल ने कहा कि 2020-21 से शुरू होने वाली पांच साल की अवधि में हवाई अड्डों के लिए कुल 90,000 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कुल राशि में से लगभग 20,000-22,000 करोड़ रुपये का निवेश भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) द्वारा किया जाएगा, जबकि शेष राशि लगभग 68,000 करोड़ रुपये निजी क्षेत्र से आएगी। सरकार को उम्मीद है कि पांच वर्षों में 220 हवाईअड्डे परिचालन में होंगे और इसमें हेलीपोर्ट भी शामिल होंगे। वर्तमान में देश में 136 हवाईअड्डे परिचालन में हैं, और कई हवाई अड्डों पर काम चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश के जेवर में नए हवाई अड्डे की आधारशिला रखेंगे।

### एयर इंडिया की विनिवेश प्रक्रिया दिसंबर तक पूरा करने का प्रयास

**नयी दिल्ली:** सरकार अपने स्वामित्व वाली एयरलाइन एयर इंडिया के विनिवेश की प्रक्रिया दिसंबर के अंत तक पूरा करने की कोशिश कर रही है। नागर विमानन सचिव राजीव बंसल ने बुधवार को कहा कि इस साल के अंत तक एयर इंडिया का नियंत्रण टाटा समूह को सौंपने की प्रक्रिया पूरी करने के सभी प्रयास किए जा रहे हैं। बंसल एयर इंडिया के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक भी हैं। टाटा समूह की कंपनी टालेस प्राइवेट लिमिटेड ने एयर इंडिया के लिए सबसे ऊंची बोली लगाई थी।

**EAST INDIA SECURITIES LTD**
**CIN : L67120WB1995PLC072026**
Registered Office : DA-14, Salt Lake City, Sector-1, Kolkata-700064
Tel. : +91 033 40205915 Website : www.eisec.com; Email : mail@eisec.com

Recommendations of the Committee of Independent Directors (**"IDC"**) of East India Securities Limited **"the Company"** or **"EISL"**) in relation to the Initial Public Announcement (**"Initial Public Announcement"**) made by Mr. Vivek Agarwal, Promoter and Member of the Promoter Group of EISL as defined under the Securities and Exchange Board of India (Issue of Capital and Disclosure Requirements) Regulations, 2018 (**"SEBI ICDR"**) (the **"Promoter Group"**) individually / collectively or together with one or more Members of the Promoter Group as the case may be, (collectively referred to as **"Acquirers"**), to the Public Shareholders of the Company as per the **SEBI** (Delisting of Equity Shares) Regulations, 2021 (hereinafter referred to as **"SEBI Delisting Regulations"**).

| | |
|---|---|
| Date | 24th November, 2021 |
| Name of the Company | **East India Securities Limited** |
| Details of the Offer pertaining to the Company. | Initial Public Announcement (**"IPA"**) made under Regulation 8 of the SEBI Delisting Regulations to the Public Shareholders of EISL for acquisition of 10,08,000 Equity Shares (**"Offer Shares"**) of Face Value ₹10/- each (**"Equity Shares"**) representing 27.49% of the total Paid up Equity Share Capital of the Company and consequent voluntary delisting of the Equity Shares of the Company from the SME platform of BSE Limited (**"BSE SME"**) (**"Delisting Offer"/"The Offer"**). |
| Name of the Acquirers | Mr. Vivek Agarwal, Promoter and Member of the Promoter Group of EISL as defined under the SEBI ICDR, either individually or with one or more Members of the Promoter Group as the case may be, (collectively referred to as **"Acquirers"**). |
| Name of the Manager to the Offer | Finshore Management Services Limited |
| Floor Price / Offer Price | ₹1306/- |
| Members of the Committee of Independent Directors (IDC). | Mrs. Kirti Kothari - Chairman<br>Mr. Tarit Kumar Bhaumik- Member<br>Mr. Pradip Kumar - Member |
| IDC Member's relationship with the Company (Director, Equity Shares owned, and other contract / relationship), if any. | All the Members of the IDC are Non-Executive Independent Directors of the Company. Except for being Directors of the Company, they have no other relationship with the Company. |
| Trading in the Equity Shares / Securities of the Company by IDC Members. | None of the IDC Members have traded in any securities of EISL during 12 months prior to the IPA on 20th September, 2021. |
| IDC Member's relationship with the Acquirers (Director, Equity Shares owned, and other contract / relationship), if any. | None of the IDC Members hold any contracts, nor have any relationship with the Acquirers and nor have traded in any Shares of the Acquirers or related to the Acquirers. |
| Recommendation on Delisting Offer, as to whether the Offer, is or is not, fair and reasonable. | Based on the review, IDC Members believe that the Offer is fair and reasonable and in line with the SEBI SAST Regulations, 2011 and the SEBI Delisting Regulations, 2021. |
| Disclosure of Voting Pattern in meeting of Independent Directors to discuss delisting. | All the IDC Members unanimously voted in favor of recommending the voluntary delisting offer proposal. |
| Summary of reasons for recommendation. | IDC Members have reviewed and noted<br>a. Initial Public Announcement dated 20th September, 2021<br>b. Detailed Public Announcement dated 23rd November, 2021<br>c. Letter of Offer dated 23rd November, 2021<br>d. That a large part of the revenue of the Company is derived from proprietary trading and treasury, which is not valued highly by market. Its retail trading and depository activities have not performed optimally as compared to peers even in a growing market.<br>Based on the above, the members of the IDC are of the view that the floor price of 1306/- is fair and reasonable and in line with the SEBI SAST Regulations, 2011. Public Shareholders may avail the Delisting Offer based on their independent assessment as to what is most appropriate for them. |
| Any other matter to the highlighted. | None |

To the best of our knowledge and belief, after making proper enquiry, the information contained or accompanying this statement is, in all material respect, true and correct and not misleading, whether by omission of any information or otherwise, and includes all the information required to be disclosed by the Company under the SEBI SAST Regulations, 2011 and SEBI Delisting Regulations, 2021.

**For and on behalf of the Committee of Independent Directors of East India Securities Limited, Kolkata**
SD/- Nikita Chamaria,
Company Secretary and Compliance Officer

Place : Kolkata
Date : 25th November, 2021